| |
|---|
| दिनांक 25.09.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 28/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद फिरोजाबाद/थाना उत्तर**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 24 लाख 04 हजार रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 25.09.2023 को थाना उत्तर, थाना रामगढ़ व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ककरऊ कोठी के पास से 03 अभियुक्तों 1–वैभव 2–अभिषेक 3–अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 24 लाख 04 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 22.09.2023 को थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना उत्तर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना उत्तर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–वैभव निवासी लोहिया नगर जलेसर रोड थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

2–अभिषेक निवासी लोहिया नगर जलेसर रोड थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

3–अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–लूट के 24 लाख 04 हजार रूपये नगद आदि।

## जनपद बदायूं/थाना जरीफनगर

- **लूट/चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट/चोरी के 26 हजार 400 रूपये नगद, चॉदी के आभूषण**
- **04 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 24.09.2023 को थाना जरीफनगर, थाना सहसवान व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर उस्मानपुर गांव से सहसवान की तरफ पेट्रोल पम्प के पास से 05 अभियुक्तों 1–ताज मोहम्मद उर्फ अनवार 2–आस मोहम्मद 3–दिलशाद 4–वाहिद 5–फारूख उर्फ फर्रू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट/चोरी के 26 हजार 400 रूपये नगद, चॉदी के आभूषण, 04 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि जनपद बदायूं क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट/चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये, आभूषण लूट/चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध जनपद पीलीभीत, बरेली, बदायूं के विभिन्न थानों पर लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 10 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–ताज मोहम्मद उर्फ अनवार निवासी मोहल्ला प्यास कस्बा व थाना सिरौली जनपद बरेली।

2–आस मोहम्मद निवासी मोहल्ला प्यास कस्बा व थाना सिरौली जनपद बरेली।

3–दिलशाद निवासी मोहल्ला प्यास कस्बा व थाना सिरौली जनपद बरेली।

4–वाहिद निवासी मोहल्ला प्यास कस्बा व थाना सिरौली जनपद बरेली।

5–फारूख उर्फ फरू निवासी जहानाबाद जनपद पीलीभीत।

**बरामदगी**

1–लूट/चोरी के 26 हजार 400 रूपये नगद, चॉदी के आभूषण।

2–04 अवैध तमंचा  मय जीवित कारतूस आदि।

## जनपद औरैया/थाना अजीतमल

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 01 लाख 46 हजार 100 रूपये नगद**
- **चोरी के भारी मात्रा में सोने–चाँदी के आभूषण**
- **घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट कार आदि बरामद**

दिनांक 24/25.09.2023 को थाना अजीतमल, थाना अयाना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 06 अभियुक्तों 1–राजिश खान 2–राजे आलम उर्फ ननकी पंखिया 3–माजिद उर्फ मक्का 4–यशपाल 5–जहाँगीर 6–अलीम हुसैन को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख 46 हजार 100 रूपये नगद, चोरी के भारी मात्रा में सोने–चाँदी के आभूषण, घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट कार आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसके द्वारा थाना अजीतमल व जनपद के अन्य थाना क्षेत्रों में कई चोरी की घटनाए कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त राजिश खान के विरूद्ध जनपद शाहजहाँपुर, हरदोई के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, चोरी आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना अजीतमल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राजिश खान निवासी पंखियाखेडा थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर।

2—राजे आलम उर्फ ननकी पंखिया निवासी इस्लामनगर थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर।

3—माजिद उर्फ मक्का निवासी गडिया पैगम्बरपुर थाना हजरतपुर जनपद बदायूँ।

4—यशपाल निवासी इन्दिरानगर कॉलोनी थाना सिविल लाइन जनपद बदायूँ।

5—जहाँगीर निवासी इस्लामनगर थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर।

6—अलीम हुसैन निवासी खेडा बझेड़ा थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी**

1—चोरी के 01 लाख 46 हजार 100 रूपये नगद।

2—चोरी के भारी मात्रा में सोने—चाँदी के आभूषण।

3—घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट कार आदि।

## जनपद मेरठ/थाना दौराला

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 25.09.2023 को थाना दौराला व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम रूहासा के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—जुनैद 2—जावेद उर्फ चवन्नी घायल हो गये, जिन्हें अभियुक्त 3—शहवाज सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना दौराला पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–जुनैद निवासी तारापुरी खुशहाल नगर थाना लिसाडीगेट जनपद मेरठ।

2–जावेद उर्फ चवन्नी निवासी श्यामनगर थाना लिसाडीगेट जनपद मेरठ।

3–शहवाज निवासी इस्लामनगर थाना खतौली जनपद मेरठ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–01 मोटर साइकिल।

2–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## <u>जनपद मथुरा/थाना गोवर्धन</u>

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **03 लाख 25 हजार 870 रूपये नगद**
- **41 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा आदि बरामद**

दिनांक 25.09.2023 को थाना गोवर्धन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मोहल्ला पहलवान कस्बा गोवर्धन से 03 अभियुक्तों 1–श्याम बिहारी उर्फ सोनू 2–बांके बिहारी उर्फ मोनू 3–अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 03 लाख 25 हजार 870 रूपये नगद, 41 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त श्याम बिहारी उर्फ सोनू के विरूद्ध जनपद मथुरा के विभिन्न थानो में एनडीपीएस एक्ट, जुआ एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 06 अभियोग एवं अभियुक्त बांके बिहारी उर्फ मोनू के विरूद्ध जनपद मथुरा के विभिन्न थानो में एनडीपीएस एक्ट, जुआ एक्ट आदि के 03 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गोवर्धन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–श्याम बिहारी उर्फ सोनू निवासी मोहल्ला पहलवान कस्बा व थाना गोवर्धन जनपद मथुरा।

2–बांके बिहारी उर्फ मोनू निवासी मोहल्ला पहलवान कस्बा व थाना गोवर्धन जनपद मथुरा।

3–अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–03 लाख 25 हजार 870 रूपये नगद।

2–41 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा आदि।

## जनपद सीतापुर/थाना कोतवाली नगर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी की 01 लाइसेन्सी रिवाल्वर .32 बोर**
- **26 हजार रूपये नगद बरामद**

दिनॉकः 25.09.2023 को थाना कोतवाली नगर व थाना रामकोट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बिजौरा पुल के पास से 02 अभियुक्तों 1–पंचम 2–विमलेश उर्फ पग्गू को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 01 लाइसेन्सी रिवाल्वर .32 बोर, 26 हजार रूपये नगद बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रिवाल्वर उक्ट घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त पंचम के विरूद्ध जनपद सीतापुर के विभिन्न थानों पर चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 13 अभियोग व अभियुक्त विमलेश उर्फ पग्गू के विरूद्ध जनपद सीतापुर के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—पंचम निवासी ईटारोर थाना खैराबाद जनपद सीतापुर।

2—विमलेश उर्फ पग्गू निवासी भगवानपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 01 लाइसेन्सी रिवाल्वर .32 बोर।

2—26 हजार रूपये नगद।

**जनपद बाराबंकी/थाना जैदपुर**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **चोरी की सोने—चॉदी के आभूषण**
- **1650/—रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन बरामद**

दिनॉकः 25.09.2023 को थाना जैदपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गुड्डू तिराहा से 03 अभियुक्तों 1—हंसराज उर्फ हंसा 2—बेचन 3—रामकुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की सोने—चॉदी के आभूषण, 1650/—रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना जैदपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना जैतपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटनाओं के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना जैदपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—हंसराज उर्फ हंसा निवासी टण्डन पुरवा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी।

2—बेचन निवासी एली माझा थाना उमरी बेगमगंज जनपद गोण्डा।

3–रामकुमार निवासी एली माझा थाना उमरी बेगमगंज जनपद गोण्डा।

**बरामदगी**

1–चोरी की सोने–चॉदी के आभूषण।

2–1650/–रूपये नगद।

3–01 मोबाइल फोन।

**जनपद उन्नाव/थाना अचलगंज**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटी गयी लाइसेन्सी बन्दूक 12 बोर**
- **02 मोबाइल फोन**
- **938/–रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 24.09.2023 को थाना अचलगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पावर हाउस के पास चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1–मनीष 2–विनय कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटी गयी लाइसेन्सी बन्दूक 12 बोर, 02 मोबाइल फोन, 938/–रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना अचलगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लाइसेन्सी बन्दूक लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना अचलगंज पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद बन्दूक उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मनीष निवासी ग्राम खंजीखेडा थाना कोतवाली जनपद उन्नाव।

2–विनय कुमार निवासी ग्राम लोचनखेडा थाना कोतवाली जनपद उन्नाव।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लूटी गयी लाइसेन्सी बन्दूक 12 बोर।

2—02 मोबाइल फोन।

3—938/—रूपये नगद।

4—घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

## <u>जनपद फिरोजाबाद/थाना दक्षिण</u>

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार**
- **08 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **03 जीवित कारतूस विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 24.09.2023 को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वाटर पार्क के पास से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा अभियुक्त प्रेमवीर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 08 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 03 जीवित कारतूस विभिन्न बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना दक्षिण पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—प्रेमवीर निवासी ठार वाजिदपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

**<u>बरामदगी</u>**

1—08 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

2—03 जीवित कारतूस विभिन्न बोर।

3—अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

**जनपद फिरोजाबाद/थाना दक्षिण**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **400 ग्राम अवैध चरस बरामद**

दिनांक 24.09.2023 को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नई बस्ती के पास से अभियुक्त मुकेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 400 ग्राम अवैध चरस बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना दक्षिण पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मुकेश निवासी नई बस्ती थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1–400 ग्राम अवैध चरस।

- **जनपद उन्नाव/थाना मांखी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को कारावास की सजा व अर्थदण्ड)**

जनपद उन्नाव पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद उन्नाव द्वारा थाना मांखी पर पंजीकृत अभियोग में अभियुक्त बालेन्द्र प्रताप को धारा 307/323/504/506 भादवि के अन्तर्गत 07 वर्ष के कारावास व 25 हजार रूपये अर्थदण्ड एवं अभियुक्त शैलेन्द्र व रामजी उर्फ सचिन को धारा 504/506 भादवि के अन्तर्गत प्रत्येक को 03 वर्ष 06 माह के सश्रम कारावास व 05–05 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **कमिश्नरेट वाराणसी/थाना आदमपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 07 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद वाराणसी द्वारा थाना आदमपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 10 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त इस्तियाक को 07 वर्ष के सश्रम कारावास व 20 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

**एस0टी0एफ0–थाना सिविल लाइन जनपद मेरठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 197/2023 का वांछित नकल माफिया अंकित पुनिया को थाना क्षेत्र दौराला जनपद मेरठ से गिरफ्तार।**

दिनांक 24–09–2023 को एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को थाना सिविल लाइन जनपद मेरठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 197/2023 धारा 419/420/467/468/471/120बी/34 भादवि में वांछित नकल माफिया अंकित पुनिया को थाना क्षेत्र दौराला जनपद मेरठ से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः**

1– अंकित पुनिया पुत्र विक्रम सिंह नि0 सैनिक बिहार फाजिलपुर रोहटा रोड थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ।

**बरामदगीः–**

1. 02 अदद मोबाईल फोन
2. 700/–रूपये नगद
3. टाटा टियागो कार नं0–यूपी–15ईबी–4065

**गिरफ्तारी का स्थान व समय–**

दिनांक 24–09–2023 समयः 19.40 बजे। स्थानः–सिवाया टोल, थाना दौराला लोनी जनपद

दिनांक 26/27–06–2023 को प्रदेश के विभिन्न जनपदो मे ग्राम विकास अधिकारी की परीक्षा सम्पादित हुई थी, जिसे सुचितापूर्ण, पारदर्शी, नकल विहीन तरीके से कराये जाने हेतु एसटीएफ, उ0प्र0 की विभिन्न टीमो/इकाईयो को निर्देशित किया गया था। जिसके अनुपालन में विभिन्न टीमों सहित एसटीएफ मेरठ द्वारा अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही की जा रही थी। इस दौरान एसटीएफ मेरठ टीम को यह सूचना प्राप्त हुई कि उत्तर प्रदेश राज्य में विभिन्न पदो के लिए आयोजित की जाने वाली उक्त परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण कराने के लिए कुछ व्यक्ति स्वंय तथा अपने गैंग के सदस्यों के आर्थिक, भौतिक लाभ के लिए संगठित गिरोह बनाकर भारी दाम पर परीक्षा में साल्वर बैठाकर व पेपर लीक कर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। जिस पर एसटीएफ टीम मेरठ द्वारा थाना मुरादनगर जनपद ग्रामीण कमिश्नरेट गाजियाबाद, थाना सदर बाजार, मेरठ एवं थाना सिविल लाइन जनपद मेरठ पर अभियोग पंजीकृत कराये गये थे।

उपरोक्त संबंध में थाना सिविल लाइन जनपद मेरठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 197/2023 धारा 419/420/467/468/471/120बी/34 भादवि पंजीकृत हुआ था, जिसमें अभियुक्त 1. उधम सिंह पुत्र सुखपाल सिंह निवासी ग्राम मोहम्मदपुर चकबंदी आबाद थाना सरधना, मेरठ 2. संदीप पुत्र सुखपाल निवासी ग्राम मोहम्मदपुर चकबंदी आबाद थाना सरधना, मेरठ एवं 3. मनोज पुत्र जयप्रकाश नि0 ग्राम कपसाड थाना सरधना जनपद मेरठ को दिनांक 27–06–2023 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा अंकित पुनिया वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु श्री बृजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ फील्ड इकाई मेरठ के निर्देशन में लगातार प्रयास किया जा रहा था और अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

निरीक्षक श्री सुनील कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 दुर्वेश डबास, हे0कां0 रकम सिंह, हे0कां0 आकाशदीप, हे0कां0 रोमिश तोमर एसटीएफ मेरठ टीम द्वारा अभिसूचना संकलन किया जा रहा था इस दौरान ज्ञात हुआ कि ग्राम विकास अधिकारी से सम्बन्धित थाना सिविल लाइन जनपद मेरठ के मुकदमें का वांछित अभियुक्त अंकित पुनिया मुजफ्फरनगर से अपनी कार द्वारा सिवाया टोल, थाना दौराला लोनी जनपद मेरठ होते हुए कहीं जाने की फिराक में है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम उक्त स्थान पर पहॅुचकर वांछित अभियुक्त अंकित पुनिया को गिरफ्तार कर लिया गया जिसके पास से उपरोक्त बारामदगी हुयी।

गिरफ्तार अभियुक्त अंकित पुनिया उपरोक्त से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि दिनांक 27.06.2023 को आयोजित ग्राम विकास अधिकारी की प्रथम पाली की परीक्षा का प्रश्न–पत्र एवं उत्तर कुंजी उसने तथा उसके साथी विवेक द्वारा उधम सिंह पुत्र सुखपाल सिंह निवासी ग्राम मोहम्मदपुर चकबंदी आबाद थाना सरधना, मेरठ को उपलब्ध करायी गयी थी, जिसे उधम सिंह ने ब्लूटूथ के जरिये अपने भाई संदीप कुमार के अलावा अन्य अभ्यर्थियों को भी भेजी गयी थी। जिसकी एवज में अंकित द्वारा मोटी रकम वसूल की गयी थी। अंकित पुनिया विगत 10–12 साल से इस धंधे में लिप्त हैं। इसके द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षाओ में अनुचित लाभ कमाने के उददेश्य से पेपर लीक कराकर, सॉल्वर

बैठाकर व अन्य तरीके से विभिन्न अभ्यर्थियों से पैसा लेकर भर्ती कराने के संबंध में मु0अ0सं0 1417/2018 धारा 420 भादवि थाना बडौत जनपद बागपत पर पंजीकृत हुआ था।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना सिविल लाइन जनपद मेरठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 197/2023 धारा 419/420/467/468/471/120बी/34 भादवि में दाखिल किया गया। अग्रिम कार्यवाही थाना सिविल लाइन जनपद मेरठ द्वारा की जा रही है।

———–